# Daily Current Affairs

Date : 14 October, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'नव विधान - न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी |
| 2. | पर्यटन मंत्रियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन : उदयपुर |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ब्रह्मकुमारीज वैश्विक शिखर सम्मेलन – 2025<br>2. 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (पुस्तक) : सतीश पूनिया<br>3. 'जोधपुर डिज़ीज़' पर विवाद और WHO की गाइडलाइन<br>4. सिंदूर स्मारिका वाटिका : कोटपूतली<br>5. आदर्श कुमार : 'चेग ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2025'<br>6. ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज<br>7. कुक्कीवॉन कप ताइक्वांडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट<br>8. भारत का 'पहला छात्र संचालित अनुसंधान सम्मेलन' : जयपुर<br>9. कोटा ट्रैवल मार्ट : 2026<br>10. 10वीं विश्व वुशू कुंगफू प्रतियोगिता : राजस्थान के 3 खिलाड़ियों का चयन<br>11. प्रदेश की पहली गोल्ड माइन<br>12. नि:शुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ<br>13. सहकारिता विभाग का 'सहकार दीपोत्सव मेला - 2025'<br>14. राजीविका और भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान के मध्य MoU<br>15. 'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' : डॉ. अरुण चतुर्वेदी<br>16. खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26<br>17. राजस्थान का सबसे बड़ा फ्लोटिंग फाउंटेन : कायलाना झील<br>18. CAZRI द्वारा मेहंदी की दो नई किस्म विकसित |
| 4. | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोडमैप: नीति आयोग |
| 5. | सावलकोट जल-विद्युत परियोजना |
| 6. | सिद्दी आदिवासी समुदाय |
| 7. | 6G पर नई दिल्ली घोषणा-पत्र |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | यूनेस्को का आभासी संग्रहालय |
| 9. | थिटू द्वीप |
| 10. | डूरंड रेखा |
| 11. | ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (GEI) लक्ष्य" नियम |
| 12. | अंतरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन |
| 13. | भारतीय भेड़िया (कैनिस ल्यूपस पल्लिप्स) |
| 14. | पूर्वी अंटार्कटिका में नए अनुसंधान केंद्र मैत्री II की स्थापना |
| 15. | राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (NGHM) |
| 16. | अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार, 2025 |
| 17. | केंटन आर. मिलर पुरस्कार |
| 18. | अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस, 2025 (IDDRR) : 13 अक्टूबर |
| 19. | विश्व खाद्य दिवस : 16 अक्टूबर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## ‘नव विधान - न्याय की नई पहचान‘ प्रदर्शनी

### चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जेईसीसी, सीतापुरा (जयपुर) में तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित 6 दिवसीय ‘नव विधान - न्याय की नई पहचान‘ प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

### मुख्य बिन्दु:

- इस प्रदर्शनी में न्यायिक प्रक्रिया को 3 चरणों के अन्तर्गत 10 जोन और मॉडल में लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया गया है, जहाँ आगंतुकों के लिए अपराध की सूचना से लेकर अंतिम न्यायिक निर्णय तक की जानकारी उपलब्ध है।
- ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप तीन नए आपराधिक कानूनों; भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 एक जुलाई, 2024 से पूरे देश में प्रभावी हुए।
- इन अधिनियमों ने क्रमश: ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित किया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा ‘विकसित राजस्थान-2047 कार्ययोजना’ का विमोचन किया गया।
- 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत् रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यटन मंत्रियों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन : उदयपुर

## चर्चा में क्यों?

- 14 और 15 अक्टूबर, 2025 को उदयपुर में पर्यटन मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय।
- **कॉन्फ्रेंस का विषय :** डवलपमेंट ऑफ 50 डेस्टिनेशन एण्ड प्रोवाइडिंग परफोर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव।
- **राजस्थान का प्रतिनिधित्व :** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पर्यटन मंत्री के रूप में।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- वर्ष 2023-24 के आँकड़ों के अनुसार, राजस्थान घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पसंद में पाँचवें स्थान पर है, जहाँ दोनों श्रेणियों में राज्य का हिस्सा 7 से 8 प्रतिशत है।
- **राजस्थान की पर्यटन मंत्री :** दिया कुमारी।

**राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव : राजेश यादव।**

- **राजस्थान पर्यटन विभाग की आयुक्त :** रूक्मणि रियार।
- **RTDC :** राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1955 में राज्य पर्यटन निदेशालय तथा वर्ष 1978 में राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RTDC) की स्थापना की गई।

### राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024

- **लॉन्च :** 4 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य :** राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।
- यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर मुख्य रूप से जोर देती है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ब्रह्मकुमारीज वैश्विक शिखर सम्मेलन – 2025**<br>■ **विषय :** एकता और विश्वास (Unity and Trust)<br>■ **थीम :** एक सतत भविष्य के लिए प्रेरणा (Inspiring a Sustainable Future)<br>■ **तिथि :** 10 से 13 अक्टूबर, 2025<br>■ **स्थान :** ब्रह्माकुमारीज, शांतिवन, आबू रोड।<br><br> |
| 2. | **'अग्निपथ नहीं जनपथ' (पुस्तक) : सतीश पूनिया**<br>■ **विमोचन :** 12 अक्टूबर, 2025 को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब, जयपुर में।<br>■ **लेखक :** सतीश पूनिया।<br>■ **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि :** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया। |
| 3. | **'जोधपुर डिज़ीज़' पर विवाद और WHO की गाइडलाइन**<br>■ सितंबर, 2025 में अफ्रीका में पहली बार दो बच्चों में एक दुर्लभ बीमारी की पहचान की गई। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय ने इस बीमारी को 'जोधपुर डिज़ीज़' (JD) नाम दिया है।<br>■ हालाँकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने वर्ष 2015 में सख्त निर्देश जारी किए थे कि किसी भी बीमारी का नाम स्थान, व्यक्ति, जाति या समुदाय के नाम पर नहीं रखा जा सकता।<br>■ दरअसल वैज्ञानिकों द्वारा खोजा गया यह रोग गैस्ट्रिक आउटलेट अवरोध का एक दुर्लभ, प्राथमिक और अधिग्रहित रूप है, जिसकी विशेषता पेट से छोटी आँत में जाने वाले मार्ग में रूकावट है, जिसके प्राथमिक लक्षण बार-बार उल्टी आना है। |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **सिंदूर स्मारिका वाटिका : कोटपूतली**<br>■ हाल ही में, कोटपूतली स्थित श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित 'सिंदूर स्मारिका वाटिका' का लोकार्पण किया गया।<br>■ ज्ञातव्य है कि राजस्थान वन विभाग ने मई, 2025 में जन्मे चार गोडावण चूजों (Chicks) के नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' और उससे जुड़े व्यक्तित्वों के नाम पर रखे जाने की घोषणा की थी।<br>■ मई, 2025 में कुल आठ चूजे जन्मे, जिनमें से चार के नाम इस प्रकार रखे गए:<br>■ सिंदूर – 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम पर।<br>■ सोफिया – कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान में।<br>■ व्योम – विंग कमांडर व्योमिका सिंह के सम्मान में।<br>■ मिश्री – विदेश सचिव विक्रम मिश्री (IFS) के सम्मान में। |
| 5. | **आदर्श कुमार : 'चेग ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2025'**<br>■ हाल ही में, जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर के छात्र आदर्श कुमार ने 'चेग ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2025' जीता।<br>■ वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय छात्र हैं।<br>■ यह पुरस्कार उन्हें 1 अक्टूबर, 2025 को लंदन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। |
| 6. | **ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज**<br>■ हाल ही में, नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस - 2025' में ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज (स्टेशन कमांडर, भारतीय वायुसेना स्टेशन, जयपुर) को सम्मानित किया गया।<br>■ भारतीय वायु सेना (IAF) की टीम ने अपने अत्याधुनिक मोबाइल सुरक्षा समाधान (Mobile Security Solution) पर प्रस्तुति दी। टीम को प्रतियोगिता में "सैकंड रनर-अप" घोषित किया गया।<br>■ ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज MNIT, जयपुर के पूर्व छात्र भी हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 7. | **कुक्कीवॉन कप ताइक्वांडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट**<br>■ हाल ही में, नई दिल्ली में आयोजित कुक्कीवॉन कप ताइक्वांडो इंटरनेशनल टूर्नामेंट में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुल 5 पदक जीते।<br>**पदक विजेता :**<br>■ अनाय जसवानी, रिया येनेंद्र और समायरा सिंह गहलोत : U-17 में स्वर्ण पदक।<br>■ **शौर्य माहेश्वरी और स्यूरांश शर्मा :** U-8 में कांस्य पदक।<br>■ **आयोजन :** 10 से 12 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में।<br>■ **आयोजक :** कुक्कीवॉन हेडक्वार्टर, इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) |
| 8. | **भारत का 'पहला छात्र संचालित अनुसंधान सम्मेलन' : जयपुर**<br>■ 9 से 12 अक्टूबर, 2025 तक विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर में भारत का पहला छात्र संचालित अनुसंधान सम्मेलन आयोजित किया गया।<br>■ **सम्मेलन का नाम :** नासा इंडिया (नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ आर्किटेक्चर) कॉन्फ्रेंस।<br>■ **थीम :** "कैटेलाइज – परिवर्तनों की दिशा में वास्तुकला का मार्ग"। |
| 9. | **कोटा ट्रैवल मार्ट : 2026**<br>■ हाल ही में, राजस्थान पर्यटन विभाग ने कोटा में प्रदेश स्तरीय ट्रैवल मार्ट के आयोजन की स्वीकृति प्रदान की।<br>■ **आयोजन :** 2 से 4 जनवरी, 2026 तक।<br>■ यह पहली बार है, जब जयपुर से बाहर ट्रैवल मार्ट का आयोजन होगा।<br>■ **नोट :** राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (RDTM) के पाँचवें संस्करण का आयोजन जयपुर में 'फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (FHTR)' और 'राजस्थान पर्यटन विभाग' के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 सितंबर, 2025 तक किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | **10वीं विश्व वुशू कुंगफू प्रतियोगिता : राजस्थान के 3 खिलाड़ियों का चयन**   <br>■ **राजस्थान के खिलाड़ी :** अर्केश्वर मेड़तवाल, रजत प्रकाश गुप्ता और भव श्रीमाली।<br>■ **आयोजन :** 14 से 20 अक्टूबर, 2025 तक इमिशान (चीन) में।<br>■ **आयोजक :** अंतरराष्ट्रीय वुशु महासंघ (IWUF) |
| 11. | **प्रदेश की पहली गोल्ड माइन**<br>■ हाल ही में, राजस्थान खान एवं भू-विज्ञान विभाग की ओर से बाँसवाड़ा के घाटोल तहसील के कांकरिया गारा ब्लॉक में प्रदेश की पहली गोल्ड माइन के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत की गई।<br>■ स्वर्ण उत्पादन के लिए बाँसवाड़ा के कांकरिया गारा ब्लॉक, देलवाड़ा रावण, गर्जिया मगरा, देलवाड़ा लोकिया, रुघनाथजी गारा और लाम्बीपटिया ब्लॉक में खनन कार्य किया जाएगा। |
| 12. | **नि:शुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ**<br>■ 13 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का शुभारम्भ किया।<br>■ इस पोर्टल का विकास राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा किया गया है।<br>■ वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ लीवरेज करते हुए 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना की घोषणा की थी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | **सहकारिता विभाग का 'सहकार दीपोत्सव मेला - 2025'**<br>■ **आयोजन :** जयपुर में 13 से 19 अक्टूबर, 2025 तक।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) |
| 14. | **राजीविका और भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान के मध्य MoU**<br>■ ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के हस्तशिल्प आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के लिए हाल ही में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान, जयपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ यह MoU राजीविका की 'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' पहल के तहत् किया गया है।<br>■ इस समझौते का उद्देश्य डिजाइन आधारित हस्तक्षेपों एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, नवाचार, उत्पाद विविधीकरण एवं विपणन सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। |
| 15. | **'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' : डॉ. अरुण चतुर्वेदी**<br>■ हाल ही में, राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में 'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया।<br>■ **प्रदानकर्ता :** राजस्थान बिज़नेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप (RBPG) दुबई एवं राजस्थान फाउंडेशन दुबई चैप्टर।<br>■ इस अवसर पर दुबई में पिछले 75 वर्षों से राजस्थान मूल के लोगों की सहायता कर रहे वासु श्रॉफ, तथा BNW डेवलपर्स के मालिक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकुर अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'प्रवासी सम्मान अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 16. | **खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26**<br>■ वाटर स्पोर्ट्स में महिला भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 17 और 18 अक्टूबर, 2025 को उदयपुर में 'खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26' का आयोजन किया जाएगा।<br>■ **आयोजन स्थल :** फतहसागर स्थित क्षेत्रीय कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र। |
| 17. | **राजस्थान का सबसे बड़ा फ्लोटिंग फाउंटेन : कायलाना झील**<br>■ हाल ही में, जोधपुर विकास प्राधिकरण की ओर से कायलाना झील में प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग फाउंटेन स्थापित किया गया।<br>■ यह फ्लोटिंग फाउंटेन 75 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा है। |
| 18. | **CAZRI द्वारा मेहंदी की दो नई किस्म विकसित**<br>■ हाल ही में, जोधपुर स्थित केंद्रीय क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) द्वारा CZ-RSPH-8 व CZ-RSPH-9 नामक मेहंदी की दो नई किस्म विकसित की गई। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोडमैप: नीति आयोग

### चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन के लिए 'रोडमैप' जारी किया।

### मुख्य बिन्दु:

- भारत का तकनीकी क्षेत्र संभावित रोजगार ह्रास का सामना कर रहा है, लेकिन अगले 5 वर्षों में 4 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित करने का अवसर भी है।

**भारत के सामने AI से संबंधित चुनौतियाँ:**

- **व्यापक रोजगार परिवर्तन का जोखिम:** भारत में 60% से अधिक औपचारिक नौकरियाँ 2030 तक स्वचालन के प्रति संवेदनशील हैं।
- **कौशल में अंतराल:** भारतीय स्नातक अक्सर विशेष व अनुसंधान-गहन AI करिकुलम और पाठ्यक्रम को नई अवधारणाओं के अनुरूप रखने में पीछे रह जाते हैं।
- **AI प्रतिभा आपूर्ति-माँग में अंतर:** AI प्रतिभा की आपूर्ति वर्तमान में माँग की केवल लगभग 50% है।

**नीति आयोग द्वारा सिफारिशें:**

- AI को सभी स्तरों पर एकीकृत करना चाहिए यानी स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक।
- राष्ट्रीय AI साक्षरता कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।
- शीर्ष AI शोधकर्ताओं को बनाए रखने के लिए आकर्षक अनुदान और वेतन की पेशकश करना, स्वायत्त AI उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना, एक समर्पित AI प्रतिभा वीज़ा पेश करना।
- AI प्रतिभा मिशन को इंडियाAI मिशन के सहयोग से काम करना चाहिए।
- **एक इंडिया ओपन-सोर्स AI कम्युनिटीज़ को परिचालन में लाना:** उच्च-गुणवत्ता वाले डेटासेट्स, मॉडल्स और पारदर्शी बेंचमार्क वाला एक केंद्रीय पोर्टल बनाना चाहिए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सावलकोट जल-विद्युत परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की शीर्ष समिति ने सावलकोट जल-विद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर दी है।

## मुख्य बिन्दु:

### सावलकोट जल-विद्युत परियोजना

- यह 1,856 मेगावाट क्षमता वाली 'रन-ऑफ-द-रिवर' जल-विद्युत परियोजना है।
- यह परियोजना चेनाब नदी पर जम्मू और कश्मीर के रामबन एवं उधमपुर जिलों में प्रस्तावित है।
- 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजना बिजली उत्पादन के लिए नदी के प्राकृतिक प्रवाह का उपयोग करती है। इस तरह की परियोजना में बहुत कम जल भंडारण की आवश्यकता होती है या बिल्कुल नहीं होती।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सिद्दी आदिवासी समुदाय

## चर्चा में क्यों?

- सिद्दी आदिवासी समुदाय एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) है। इसने 72 प्रतिशत से अधिक की साक्षरता दर हासिल की है।

## मुख्य बिन्दु:

### सिद्दी आदिवासी समुदाय

- इन्हें हब्शी या बादशाह के नाम से भी जाना जाता है। यह एक अफ्रीकी-भारतीय आदिवासी समुदाय है, जिनके बारे में माना जाता है कि ये पूर्वी अफ्रीका से प्रवास करके आए थे।
- **अवस्थिति:** भारत का पश्चिमी तट, अर्थात् गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र।
- **व्यवसाय:** पारंपरिक रूप से शिकारी और संग्राहक थे; अब अधिकांशतः कृषि मजदूर और दिहाड़ी मजदूर हैं।
- ऐसा माना जाता है कि वे पहली बार 7वीं शताब्दी में अरब व्यापारियों के साथ तथा 16वीं शताब्दी में पुर्तगालियों और अंग्रेजों के साथ, ज़्यादातर गुलामों के रूप में भारत आए थे।
- वर्तमान में, ये केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 6G पर नई दिल्ली घोषणा-पत्र

## चर्चा में क्यों?

- नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के साथ आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारत 6G संगोष्ठी 2025 के दौरान नई दिल्ली घोषणा-पत्र जारी किया।

## मुख्य बिन्दु:

### घोषणा-पत्र के मुख्य बिंदु

- घोषणा-पत्र में जोर दिया गया है कि 6G को ग्लोबल पब्लिक गुड के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।
- यह 6G के लिए एक साझा दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है जो ओपननेस, समावेशिता और संधारणीयता को प्राथमिकता देता है।

### 6G के बारे में

- 6G (छठी पीढ़ी की वायरलेस तकनीक) 5G सेलुलर तकनीक का अगला चरण है।
- 5G की तुलना में 6G के लाभों में उच्च डेटा प्रेषण गति, कम विलंबता, संचार एवं संवेदन क्षमताओं का एकीकरण आदि शामिल हैं


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## यूनेस्को का आभासी संग्रहालय

### चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, यूनेस्को ने चोरी की गई सांस्कृतिक वस्तुओं के लिए विश्व का पहला आभासी संग्रहालय शुरू किया।

### मुख्य बिन्दु:

- **अनावरण :** मोंडियाकल्ट सम्मेलन, 2025 के दौरान।
- **इस पहल का उद्देश्य :** जागरूकता बढ़ाना और विरासत वस्तुओं के अवैध व्यापार के खिलाफ वसूली प्रयासों में सहायता करना।
- **वित्तीय समर्थन और सहायता :** यह परियोजना सऊदी अरब द्वारा वित्तीय रूप से समर्थित है और इंटरपोल के साथ साझेदारी में विकसित की गई है, जो अवैध सांस्कृतिक तस्करी के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करती है।
- **तकनीक :** 3डी मॉडलिंग, वर्चुअल रियलिटी और AI-जनित 3D पुनर्निर्माण।
- **प्रतीकात्मकता में निहित डिज़ाइन :** प्रित्जकर पुरस्कार विजेता वास्तुकार फ्रांसिस केरे द्वारा परिकल्पित इस वेबसाइट की संरचना एक बाओबाब वृक्ष जैसी है - जो धीरज और ज्ञान का एक शक्तिशाली अफ्रीकी प्रतीक है।
- चोरी हुई सांस्कृतिक वस्तुओं का आभासी संग्रहालय वर्तमान में 46 देशों से लगभग 240 गुम हुई कलाकृतियों को प्रदर्शित करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भारतीय मंदिर की मूर्तियाँ :** संग्रहालय में भारत से भेजी गई कम से कम दो वस्तुएँ प्रदर्शित हैं:

1. **छत्तीसगढ़ के पाली स्थित महादेव मंदिर से प्राप्त नौवीं शताब्दी की बलुआ पत्थर की मूर्ति:** पहली मूर्ति, नटराज की है, जिसमें शिव को उनके ब्रह्मांडीय नृत्य में दिखाया गया है, एक हाथ आश्वासन में उठा हुआ है और दूसरा एक छोटे से राक्षस का दमन कर रहा है, जो अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। उनकी सवारी नंदी ऊपर की ओर देख रही है, जो शिव की रक्षक और संहारक, दोनों की भूमिका को पुष्ट करती है।
2. **सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की मूर्ति :** दूसरी आकृति, सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की है, जो ललितासन में बैठे हैं और उनके तीन मुख और चार भुजाएँ हैं, जिनमें वे माला और वेद जैसे पवित्र प्रतीक धारण किए हुए हैं। उनके चरणों में एक हंस ज्ञान और स्पष्टता का प्रतीक है।

- दोनों मूर्तियाँ मिलकर हिंदू विश्वास के मूल में सृजन और प्रलय के संतुलन को व्यक्त करती हैं, तथा दर्शाती हैं कि किस प्रकार मंदिर की छवियों ने जटिल दार्शनिक विचारों को भौतिक रूप प्रदान किया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### मोंडियाकल्ट, 2025 (MONDIACULT) :

- **आयोजन :** बार्सिलोना, स्पेन।
- **छह विषय :** सांस्कृतिक अधिकार, संस्कृति क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ, संस्कृति और शिक्षा, संस्कृति की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और जलवायु कार्रवाई, और संस्कृति, विरासत और संकट।
- **दो फोकस क्षेत्र :** शांति के लिए संस्कृति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संस्कृति।
- **यूनेस्को का आभासी संग्रहालय :** दुनिया के चुराए हुए खजानों का डिजिटल घर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मोंडियाकल्ट (MONDIACULT) : सांस्कृतिक नीतियों और सतत् विकास पर यूनेस्को विश्व सम्मेलन का संक्षिप्त नाम है ।**
- **यह सांस्कृतिक नीति पर विश्व का सबसे बड़ा मंत्रिस्तरीय मंच है, जो संस्कृति के लिए वैश्विक एजेंडा निर्धारित करने हेतु यूनेस्को के 194 सदस्य देशों को एक साथ लाता है।**

**मोंडियाकल्ट का इतिहास :**

1. **वर्ष 1982: पहले सम्मेलन ने संस्कृति की परिभाषा का विस्तार करते हुए समाज की समग्र "विशिष्ट विशेषताओं" को शामिल किया और संस्कृति को विकास के मूलभूत भाग के रूप में स्थापित किया ।**
2. **वर्ष 2022: 40 वर्ष बाद पुनर्जीवित इस सम्मेलन ने संस्कृति को एक वैश्विक सार्वजनिक वस्तु और मानव अधिकार घोषित किया।**

- **इसके परिणाम स्वरूप, मेक्सिको घोषणापत्र में यह अनिवार्य कर दिया गया कि सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक चार वर्ष में किया जाएगा तथा संयुक्त राष्ट्र के 2030 के बाद के विकास एजेंडे में संस्कृति के लिए एक स्वतंत्र लक्ष्य निर्धारित किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# थिटू द्वीप





**मुख्य बिन्दु:**

- **फिलीपींस के नियंत्रण वाले थिटू द्वीप के पास चीन और फिलीपींस के जहाज आपस में टकरा गए।**

**थिटू द्वीप के बारे में**

- **थिटू द्वीप (पग-आसा द्वीप) दक्षिण चीन सागर के स्प्रैटली द्वीप समूह में फिलीपींस के नियंत्रण वाला सबसे बड़ा द्वीप है ।**
- **फिलीपींस और चीन के बीच थिटू द्वीप को लेकर क्षेत्रीय विवाद रहा है।**

# डूरंड रेखा




## मुख्य बिन्दु:

- **विवादित डूरंड रेखा पर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया।**

### डूरंड रेखा

- **डूरंड रेखा अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 2,640 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय स्थलीय सीमा है।**
- **यह रेखा 1893 में ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड और अफगानिस्तान के अमीर अब्दुर रहमान खान के बीच एक समझौते द्वारा स्थापित की गई थी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (GEI) लक्ष्य" नियम

**चर्चा में क्यों?**

- सरकार ने "ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (GEI) लक्ष्य" नियम अधिसूचित किए।

**मुख्य बिन्दु:**

- कानूनी रूप से बाध्यकारी GEI लक्ष्य नियम- 2025 चार उच्च-उत्सर्जन क्षेत्रकों, अर्थात एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी व कागज और क्लोर-क्षार को लक्षित करता है।
- GEI, उत्पाद की प्रति इकाई पर उत्पन्न होने वाली GHGs की मात्रा है। उदाहरण के लिए- सीमेंट या एल्युमिनियम जैसे उत्पाद के प्रति टन के उत्पादन में मुक्त गैसें।

**कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS), 2023**

- **उद्देश्य:** भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों (NDCs) के अनुरूप देश के भीतर GHG उत्सर्जन तीव्रता को कम करने के लिए भारत का पहला घरेलू कार्बन बाजार विकसित करना।
- **अधिसूचित:** ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत्।

**नियम क्या हैं?**

- **किसके तहत् जारी:** कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम, 2023 के अनुपालन तंत्र के तहत्।
- **अनुपालन निकाय:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)।
- **उद्देश्य:** कार्बन-गहन क्षेत्रों में उत्पादन के प्रति इकाई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना और कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग को सुगम बनाना।

**तंत्र:**

- अनुपालन करने वाली ऐसी संस्था, जो लक्ष्य से नीचे उत्सर्जन करती है, व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाण-पत्र अर्जित कर सकती है।
- BEE कार्बन क्रेडिट प्रमाण-पत्र जारी करेगा।
- गैर-अनुपालन संस्थाओं को अतिरिक्त प्रमाण-पत्र खरीदने होंगे या पर्यावरण मुआवजा देना होगा, जो उस अनुपालन वर्ष के लिए औसत कार्बन क्रेडिट मूल्य का दोगुना होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन

## चर्चा में क्यों?

- महाराष्ट्र के पाँच समुद्र तटों/Beaches को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

- **ये समुद्र तट हैं-** श्रीवर्धन, नागाँव, परनाका, गुहागर और लाडघर।

**ब्लू फ्लैग प्रमाणन:**

- **आरंभ:** 1985 में फ्रांस में।
- **संस्था:** यह प्रमाणन डेनमार्क स्थित एक गैर-सरकारी संगठन फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंटल एजुकेशन (FEE) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- **मानदंड:** यह प्रमाणन उन समुद्र तटों को दिया जाता है, जो स्वच्छता, सुंदरता और पर्यावरणीय संधारणीयता से संबंधित 33 मानदंडों को पूरा करते हैं।
- यह एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त इको-लेबल है। प्रमाणन कार्यक्रम सुगम्यता, शिक्षा, पर्यावरण प्रदर्शन, जिम्मेदार व्यवहार, सुरक्षा, सेवाएँ, हितधारक सहभागिता और जल गुणवत्ता के क्षेत्रों में कठोर आवश्यकताओं पर आधारित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय भेड़िया (कैनिस ल्यूपस पल्लिप्स)

## चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने पहली बार भारतीय भेड़िये (Indian Wolf) का मूल्यांकन कैनिस वंश के भीतर एक संभावित अलग प्रजाति के रूप में किया।

## मुख्य बिन्दु:

- इस वंश की वर्तमान में IUCN द्वारा मान्यता प्राप्त सात प्रजातियाँ हैं। भारतीय भेड़िये को शामिल करने के बाद, यह आठवीं मान्यता प्राप्त प्रजाति बन जाएगी।

### भारतीय भेड़िये

- **पर्यावास:** यह काँटेदार व सामान्य झाड़ियों वाले जंगलों, तथा शुष्क और अर्ध-शुष्क घासभूमियों में पाया जाता है। कुछ पाकिस्तान में भी पाए जाते हैं।
- **खतरे:** पर्यावास क्षति, मनुष्यों के साथ संघर्ष और बीमारियाँ।
- **IUCN संरक्षण स्थिति:** वल्नरेबल ।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## पूर्वी अंटार्कटिका में नए अनुसंधान केंद्र मैत्री II की स्थापना

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पूर्वी अंटार्कटिका में नए अनुसंधान केंद्र मैत्री II की स्थापना को मंजूरी दी। यह भारत का चौथा अनुसंधान केंद्र होगा। यह वर्ष 2029 तक काम करने लगेगा।

### मुख्य बिन्दु:

- इसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से संचालित हरित अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

**अंटार्कटिका में भारत की पहलें**

- **अनुसंधान पहल:** वर्तमान में भारत द्वारा अंटार्कटिका में दो अनुसंधान स्टेशंस का संचालन किया जा रहा है। मैत्री (1989) और भारती (2012)।
- दक्षिण गंगोत्री (1983-84) भारत का पहला वैज्ञानिक अनुसंधान स्टेशन था, जो 1990 तक परिचालन में था।
- **संस्थान:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत् गोवा में स्थित राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (NCPOR) ध्रुवीय क्षेत्रों में मिशनों के संचालन के लिए नोडल एजेंसी है।
- **कानूनी फ्रेमवर्क:** भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम, 2022 का उद्देश्य अंटार्कटिका के पर्यावरण और उससे संबद्ध पारिस्थितिकी-तंत्र के संरक्षण के लिए भारत द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास करना है।
- **वैश्विक प्रतिबद्धता:** भारत वर्ष 1983 से अंटार्कटिक संधि का परामर्शदात्री पक्षकार है।
- इस संधि पर वर्ष 1959 में हस्ताक्षर किए गए थे। इसका उद्देश्य अंटार्कटिका का शांतिपूर्ण उपयोग और वैज्ञानिक अनुसंधान की स्वतंत्रता तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग सुनिश्चित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (NGHM)

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने तीन बड़े बंदरगाहों को राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत् ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की।

### मुख्य बिन्दु:

**'ग्रीन हाइड्रोजन हब' के रूप में मान्यता प्राप्त बंदरगाह:**

- दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण, गुजरात
- वी. ओ. चिदंबरनार पोर्ट प्राधिकरण, तमिलनाडु
- पारादीप पोर्ट प्राधिकरण, ओडिशा
- 'ग्रीन हाइड्रोजन हब' की मान्यता मिलने से इन बंदरगाहों में औद्योगिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी, हरित निवेश में वृद्धि और स्वच्छ ईंधन प्रौद्योगिकियों में नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा।

**राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (NGHM)**

- **घोषणा:** जनवरी, 2023
- **उद्देश्य:** भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और उसके उप-उत्पादों के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना।
- **लक्ष्य:** वर्ष 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 🏆 पुरस्कार 🏆

### अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार, 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की घोषणा अनुसार जोएल मोकिर (अमेरिका), फिलिप एगियॉन (UK) और पीटर हॉविट (अमेरिका) को वर्ष 2025 के इकोनॉमिक्स के नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।**







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **पुरस्कार राशि :** 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपए), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा।
- **पुरस्कार प्रदान :** 10 दिसंबर, 2025 को स्टॉकहोम में।

**योगदान :**

- **जोएल मोकिर (अमेरिका) :** ऐतिहासिक स्रोतों का उपयोग करके यह समझाया कि कैसे तकनीकी प्रगति के चलते सतत् विकास धीरे-धीरे "न्यू नॉर्मल" बन गया। उनका शोध बताता है कि आर्थिक वृद्धि केवल निवेश या पूँजी पर निर्भर नहीं है, बल्कि इनोवेशन और तकनीकी उन्नति इसके प्रमुख चालक हैं।
- **फिलिप एगियॉन (UK) और पीटर हाउइट (अमेरिका) :** वर्ष 1992 में एक गणितीय मॉडल तैयार किया, जिसे क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन (Creative Destruction) यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार, जब बाजार में कोई नई और बेहतर उत्पाद आता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियों को नुकसान होता है। इस प्रक्रिया से सतत् आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**


**अर्थशास्त्र का नोबेल दो भारतीयों को मिल चुका है ;**

1. **अमर्त्य सेन (वर्ष 1998) :** गरीबी को समझने और मापने का नया तरीका बताया। अकाल क्यों होते हैं और लोगों की भलाई कैसे बढ़े, इस पर रिसर्च की। उदाहरण: सिर्फ पैसे से नहीं, शिक्षा और स्वास्थ्य से भी गरीबी मापी जानी चाहिए।
2. **अभिजीत बनर्जी ( वर्ष 2019) ;** गरीबी हटाने के लिए छोटे-छोटे प्रयोग किए, जैसे स्कूलों में बच्चों को बेहतर पढ़ाई कैसे मिले। उदाहरण: गरीब बच्चों को मुफ्त किताबें देने से पढ़ाई में कितना फायदा होता है, इसे टेस्ट किया।

- अभिजीत बनर्जी ने नोबेल पुरस्कार अपनी पत्नी एस्थर डुफ्लो और माइकल क्रेमर के साथ शेयर किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत के 9 नोबल विजेता



**1913**
**रविंद्रनाथ टैगोर (लिटरेचर)**
कविता संग्रह 'गीतांजलि' के लिए।
पहले एशियाई नोबेल विजेता।



**1998**
**अमर्त्य सेन (इकोनॉमिक्स)**
गरीबी और विकास के अध्ययन से जुड़े कैपेबिलिटी अप्रोच के लिए।



**1930**
**सी.वी. रमन (फिजिक्स)**
रमन प्रभाव की खोज। यह बताता है कि प्रकाश की तरंगदैर्ध्य कैसे बदलती है।



**2009**
**वेंकटरमन रामकृष्णन (केमिस्ट्री)**
राइबोसोम की संरचना की खोज।



**1968**
**हर गोबिंद खुराना (चिकित्सा)**
DNA और प्रोटीन संश्लेषण से जुड़ी खोज। पहला कृत्रिम जीन बनाया।



**2014**
**कैलाश सत्यार्थी (पीस)**
बच्चों के हक और शिक्षा के लिए।



**1979**
**मदर टेरेसा (पीस)**
कोलकाता में गरीबों की मदद के लिए।



**2019**
**अभिजीत बनर्जी ( इकोनॉमिक्स)**
गरीबी कम करने के लिए नए प्रयोगों के लिए।



**1983**
**सुब्रह्मण्यन चंद्रशेखर (फिजिक्स)**
तारों के सिद्धांत (चंद्रशेखर सीमा) के लिए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# केंटन आर. मिलर पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

- काजीरंगा के निदेशक को राष्ट्रीय उद्यानों में नवाचार के लिए IUCN के केंटन आर. मिलर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे पहले भारतीय हैं।

## मुख्य बिन्दु:

- यह उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के संरक्षण में नवाचार एवं नेतृत्वकारी भूमिका निभाई हो।

### केंटन आर. मिलर पुरस्कार

- इसका गठन विश्व संरक्षित क्षेत्र आयोग (WCPA) ने किया है। WCPA अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के 6 तकनीकी आयोगों में से एक है।
- यह पुरस्कार राष्ट्रीय उद्यानों में नवाचार और संरक्षित क्षेत्र संधारणीयता के लिए 2006 में शुरू किया गया था।
- यह पुरस्कार प्रत्येक दो वर्षों में एक बार IUCN-WCPA द्वारा प्रदान किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस, 2025 (IDDRR) : 13 अक्टूबर




**मुख्य बिन्दु:**

- **इस वर्ष की थीम है – "फंड रेजिलिएंस, नॉट डिजास्टर्स"।**

**उद्देश्य और महत्व**

**संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित, IDDRR का उद्देश्य है:**

- **आपदा जोखिम कम करने में हुई उपलब्धियों का जश्न मनाना**
- **आपदा रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना**
- **प्रतिक्रियाशील (reactive) रणनीतियों से सक्रिय (proactive) रणनीतियों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करना**
- **समुदायों को प्राकृतिक और मानव-जनित खतरों के प्रति सहिष्णु (resilient) बनाना**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**पृष्ठभूमि:**

1. वर्ष 1989 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने संकल्प A/RES/44/236 को अपनाया, जिसके तहत् वर्ष 1990 से 1999 के दशक को "प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक" (IDNDR) घोषित किया गया। संकल्प में पूरे दशक में अक्टूबर के दूसरे बुधवार को IDNDR के रूप में मनाने की भी घोषणा की गई।
- पहला IDNDR 10 अक्टूबर, 1990 को मनाया गया था।
2. वर्ष 2009 में, UNGA ने संकल्प A/RES/64/200 को अपनाया और आधिकारिक तौर पर 13 अक्टूबर को IDDRR के रूप में नामित किया।
- वर्ष 2010 से, IDDRR को हर साल 13 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- यह दिवस Sendai Framework for Disaster Risk Reduction (2015–2030) के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है, जिसका लक्ष्य जीवन, आजीविका और स्वास्थ्य में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करना है।

**आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई रूपरेखा 2015-2030 :**


1. SFDRR 2015-2030 को 18 मार्च, 2015 को सेंडाई (जापान) में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे UN विश्व सम्मेलन में अपनाया गया था।
2. SFDRR में नए आपदा जोखिमों को रोकने और मौजूदा आपदा जोखिमों को कम करने के लिए 7 वैश्विक लक्ष्य और 4 प्राथमिकता वाली कार्रवाइयों की रूपरेखा दी गई है।
3. यह वर्ष 2015 के बाद के विकास एजेंडे का पहला बड़ा समझौता था जिसका उद्देश्य आपदा जोखिम में पर्याप्त कमी लाना और जीवन, आजीविका, अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढाँचे में नुकसान को रोकना और कम करना है।
4. आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए UN कार्यालय (UNDRR) (पूर्व में आपदा न्यूनीकरण के लिए UN अंतरराष्ट्रीय रणनीति ; UNISDR) UN सचिवालय का एक हिस्सा है जो सेंडाई रूपरेखा के कार्यान्वयन और समीक्षा का समर्थन करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR) :

- UNDRR UN सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है।
- स्थापना : वर्ष 1999
- मुख्यालय : जिनेवा, स्विटजरलैंड
- आपदा प्रबंधन : चार मुख्य चरण






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व खाद्य दिवस : 16 अक्टूबर

## चर्चा में क्यों?

- **इतिहास और महत्त्व :** विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की वर्ष 1945 में स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।




## मुख्य बिन्दु:

- **वर्ष 2025 का विषय :** "खाद्य-सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य की कल्पना"।
- WFF का वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम 10 से 17 अक्टूबर, 2025 तक संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के रोम, इटली स्थित मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा हैं, जिसका विषय है: " बेहतर खाद्य पदार्थों और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना ।"

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस : प्रतिवर्ष 7 जून**

- दिसंबर, 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया।
- विश्व स्तर पर पहली बार 7 जून, 2019 को मनाया गया।
- इसकी शुरुआत FAO (खाद्य और कृषि संगठन) तथा WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा संयुक्त रूप से की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **थीम 2025 : "खाद्य सुरक्षा: विज्ञान क्रियान्वित" (Food Safety: Science in Action)**
- **ग्लोबल हंगर इंडेक्स (GHI), 2024 : आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा जारी।**

**भारत से संबंधित निष्कर्ष:**

- **भारत 127 देशों में से 105वें स्थान पर है ( 2023 में 111 वें स्थान से ऊपर ), जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित 41 अन्य देशों के साथ "गंभीर" श्रेणी में आता है ।**
- **भारत का GHI स्कोर: 27.3**
- **वर्ष 2000 के बाद से भारत का जी.एच.आई. स्कोर गिर गया है, तथापि, बच्चों में दुर्बलता और बौनापन अभी भी बहुत अधिक है।**

**सरकारी सहायता और प्रतिक्रिया :**

